बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949, बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970, राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण उपबंध) योजना, 1970 की संगत धारा तथा इस संबंध में क्रमश: सिंडिकेटबैंक (शेयर एवं बैठक) विनियमावली, 1998 और भा.रि.बैं. के उचित और उपयुक्त मार्गदर्शी सिद्धांतों की संगत विनियमावलियों को शेयरधारकों की सूचना हेतु नीचे दोहराया गया है:

**बैंकिंग विनियमन अधिनियम, 1949**

**सामान्य निदेशकों पर प्रतिबंध – धारा 16(1)**

भारत में निगमित कोई भी बैंकिंग कंपनी अपने बोर्ड में ऐसे व्यक्ति को निदेशक के रूप में नियुक्त न करें जो किसी अन्य बैंकिंग कंपनी का निदेशक हो।

**ऋणों और अग्रिमों पर प्रतिबंध – धारा 20**

1. कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 77 में उल्लिखित किसी भी बात के होते हुए, कोई भी बैंकिंग कंपनी–
   क) अपने शेयरों की जमानत पर कोई ऋण या अग्रिम मंजूर नहीं करेगा या
   ख) निम्नलिखित को या निम्नलिखित की ओर से ऋण या अग्रिम मंजूर करने के लिए कोई वायदा नहीं करेगा–
      I. अपने किसी निदेशक
      II. कोई फर्म, जिसमें उसका कोई निदेशक-साझेदार, प्रबंधक, कर्मचारी या गारंटर के रूप में हित रखता हो, या
      III. कोई कंपनी, जो बैंकिंग कंपनी की अनुषंगी संस्थान न हो या कोई कंपनी जो कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 25 के अंतर्गत पंजीकृत हो या कोई सरकारी कंपनी (या होल्डिंग कंपनी की अनुषंगी कंपनी), जिसका कोई निदेशक बैंकिंग कंपनी का निदेशक, प्रबंधक, कर्मचारी या गारंटर हो या जिसमें वह पर्याप्त हित रखता हो, या
      IV. कोई भी व्यक्ति, जिसके संबंध में उसके कोई निदेशक, साझेदार या गारंटर हो।
2. जहाँ बैंकिंग कंपनी द्वारा संस्वीकृत ऋण या अग्रिम के लिए कोई वायदा न किया गया हो, बशर्ते जिस तारीख को ऋण या अग्रिम मंजूर किया गया था उस तारीख को उप धारा (1) के खंड (बी) प्रचलन में हो (या ऋण को बैंकिंग विधि (संशोधन) अधिनियम, 1968 (1968 का 58) की धारा 5 के प्रारंभ के बाद बैंकिंग कंपनी द्वारा मंजूर किया गया हो, किंतु उक्त धारा के प्रारंभ से पूर्व किए

# ANNEXURE

**ELECTION OF DIRECTORS – EXTRACTS OF RELEVANT ACTS, SCHEME, AND REGULATIONS ETC.**

In terms of Section 9(3)(i) of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, Shareholder Directors shall have to be appointed upon the extent of capital issued under Clause (C) of sub-section (2B) of Section 3 of the Act.

The relevant Sections of The Banking Regulation Act, 1949, The Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970, The Nationalised Banks (Management and Miscellaneous Provisions) Scheme, 1970 and the relevant regulations of Syndicate Bank (Shares & Meetings) Regulations, 1998 and RBI's fit and proper guidelines, respectively in this regard, are reproduced below for the information of the shareholders.

**THE BANKING REGULATION ACT, 1949**

**Prohibition of common Directors – Section 16 (1)**

No Banking Company incorporated in India shall have as a Director on its Board of Directors any person who is a Director of any other Banking Company.

**Restrictions on Loans and Advances – Section 20**

1. Notwithstanding anything to the contrary contained in Section 77 of the Companies Act, 1956 (1 of 1956), no Banking company shall –
   a) grant any loans or advances on the security of its own share, or
   b) enter into any commitment for granting any loan or advance or advance to or on behalf of –
      I. any of its Directors,
      II. any firm in which any of its Directors is interested as partner, manager, employee or guarantor, or
      III. any company not being a subsidiary of the Banking Company or a Company registered under Section 25 of the Companies Act, 1956 (1 of 1956), or a Government Company of which (or the subsidiary of the holding company of which) any of the Directors of the Banking Company is a Director, Manager, Employee or guarantor or in which he holds substantial interest, or
      IV. any individual in respect of whom any of its Directors is a partner or guarantor.
2. Where any loan or advance granted by a Banking Company is such that a commitment for granting it could not have been made if Clause (b) of Sub-section (1) had been in force on the date on which the loan or advance was made (or is granted by Banking Company after the commencement of

गए वायदे के अनुसरण में किया गया हो) तो ऐसे मामले में ऋण या अग्रिम की वजह से बैंकिंग कंपनी को देय राशि तथा उस पर उपचित ब्याज के साथ ऋण या अग्रिम को उसकी मंजूरी के समय निर्दिष्ट अवधि के भीतर या ऐसी कोई अवधि निर्दिष्ट नहीं की गयी है तो उक्त धारा 5 के प्रारंभ से एक वर्ष के भीतर उसकी चुकौती की जाए।

बशर्ते कि भारतीय रिज़र्व बैंक, इस संबंध में बैंकिंग कंपनी द्वारा लिखित रूप से प्रस्तुत किए गए अनुरोध पर ऋण या अग्रिम की वसूली अवधि को उस तारीख तक बढ़ा सकेगा जो उक्त धारा 5 के प्रारंभ से तीन वर्षो से अधिक न हो, जो ऐसी शर्तों एवं नियमों के अधीन होगा जो भा.रि.बैं. द्वारा उचित समझा जाए।

आगे, यह उप धारा उन मामलों में लागू नहीं होगी जब संबंधित निदेशक बैंकिंग कंपनी के निदेशक पद को रिक्त कर देता है भले ही वह निदेशक की मृत्यु की वजह से हो, सेवानिवृत्ति, इस्तीफा या किसी अन्य कारण से हो।

3. उप-धारा (2) या उसके किसी भाग में संदर्भित किसी भी ऋण या अग्रिम को भारतीय रिज़र्व बैंक के पूर्वानुमोदन के बिना विप्रेषित न किया जाए और ऐसे अनुमोदन के बिना दी गयी छूट अमान्य और निष्प्रभावी हो जाएगी।

4. यदि उप-धारा (2) में संदर्भित कोई ऋण या अग्रिम किसी व्यक्ति द्वारा देय हो जिसकी चुकौती उक्त उप- धारा में निर्दिष्ट अवधि के भीतर बैंकिंग कंपनी को नहीं की गयी है तो, ऐसा व्यक्ति, उक्त अवधि की समाप्ति की तारीख को ऐसी बैंकिंग कंपनी का निदेशक है तो ऐसा समझा जाएगा कि उन्होंने उक्त तारीख को अपने पद को रिक्त कर दिया है।

**इस धारा का स्पष्टीकरण –**

क. ''ऋण या अग्रिम'' में वे लेन-देन शामिल नहीं होंगे जिनके संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा लेन-देन के स्वरूप पर विचार करते हुए निर्दिष्ट अवधि के भीतर और ढंग से तथा परिस्थितियों के अधीन लेन-देन के कारण देय किसी राशि की उगाही होने की संभावना हो, जमाकर्ता के हित और अन्य संगत प्रतिफल जिनका उल्लेख उक्त धारा के उद्देश्य हेतु सामान्य या विशेष आदेश में ऋण या अग्रिम के रूप में न किया गया हो।

ख. ''निदेशक'' में वह सदस्य शामिल है जो भारत में किसी बोर्ड या उस समिति का सदस्य हो जिसका गठन किसी बैंकिंग कंपनी द्वारा अपने किसी या सभी कार्यों के प्रबंधन के संबंध में सलाह देने के उद्देश्य से किया गया हो।

5. यदि इस धारा के प्रयोजन हेतु किसी लेन-देन का ऋण या अग्रिम होने का कोई प्रश्न उठता है तो इसे भारतीय रिज़र्व बैंक को संदर्भित किया जाए, जिसका निर्णय अंतिम होगा।

ऋण एवं अग्रिम - वैधानिक एवं अन्य निषेध, पर भारतीय रिज़र्व बैंक ने एक मास्टर परिपत्र आरबीआई/2014-15/64 डीबीओडी सं. डीआईआर बीसी. 16/13.03.00/2014-15 दि. 1 जुलाई 2014 जारी किया है ।

Section 5 of the Banking Laws (Amendment) Act, 1968 (58 of 1968), but in pursuance of a commitment entered into before such commencement), steps shall be taken to recover the amounts due to the Banking Company on account of the loans or advance together with interest, if any, due thereon within the period stipulated at the time of the grant of loan or advance or where no such period has been stipulated, before the expiry of one year from the commencement of the said Section 5.

Provided that the Reserve Bank of India may, in any case on application made in writing made to it by the Banking Company in this behalf, extend the period for the recovery of the loan or advance until such date, not being a date beyond the period of three years from the commencement of the said Section 5 and subject to such terms and conditions, as the Reserve Bank of India may deem fit.

Provided further that this sub-section shall not apply if and when the Director concerned vacates the office of the Director of the Banking Company, whether by death, retirement, resignation or otherwise.

3. No loan or advance, referred to in sub-section (2), or any part thereof shall be remitted without the previous approval of the Reserve Bank of India, and any remission without such approval shall be void and of no effect.

4. Where any loan or advance referred to in sub-section (2), payable by any person, has not been repaid to the Banking Company within the period specified in that sub-section, then such person shall, if he is a Director of such Banking Company on the date of the expiry of the said period, be deemed to have vacated his office as such on the said date.

**Explanation in this Section –**

a. “Loan or advance” shall not include any transaction which the Reserve Bank of India may, having regard to the nature of the transaction, the period within which, and the manner and circumstances in which, any amount due on account of the transaction is likely to be realized, the interest of the depositors and other relevant considerations, specify by general or special order as not being a loan or advance for the purpose of this Section.

b. “Director” includes a member of any Board or Committee in India constituted by Banking Company for the purpose of managing, or for the purpose of advising it in regard to the management of, all or any of its affairs.

5. If any question arises whether any transaction is a loan or advance for the purpose of this Section, it shall be referred to the Reserve Bank of India, whose decision thereon shall be final.

Reserve Bank of India has issued a Master Circular RBI/2014-15/64 (DBOD.No.Dir.BC. 16/ 13.03.00/2014-15 dated July 1, 2014 on Loans and Advances – Statutory and Other Restrictions.

शेयरधारकों से अनुरोध है कि चुनाव में उम्मीदवार के रूप में अपने नामांकन पत्र भरने से पूर्व उक्त परिपत्र का अध्ययन कर लें ।

**बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 [अधिनियम]**

**मताधिकार पर प्रतिबंध**

3(2 ई): अनुरूपी नये बैंक का कोई भी शेयरधारक, जो केन्द्र सरकार से भिन्न, अनुरूपी नये बैंक के सभी शेयरधारकों के कुल मताधिकार के **दस** प्रतिशत (बैंकिंग संशोधन बिल 2012 के तहत संशोधित) से अधिक शेयर रखता है, तो यह उक्त अतिरिक्त शेयरों के संबंध में मताधिकार का प्रयोग करने के लिए पात्र नहीं होगा।

**निदेशक मंडल का गठन**

9(3)(i) धारा 3 की उप-धारा (2 बी) खण्ड (सी) के अंतर्गत जारी की गयी पूंजी:

I. कुल प्रदत्त पूंजी के सोलह प्रतिशत से अधिक नहीं है तो, एक निदेशक,

II. कुल प्रदत्त पूंजी के सोलह प्रतिशत से अधिक किंतु बत्तीस प्रतिशत से अधिक नहीं है तो, दो निदेशक

III. कुल प्रदत्त पूंजी के बत्तीस प्रतिशत से अधिक है तो, तीन निदेशकों का चयन उन शेयरधारकों में से किया जाएगा जो केन्द्र सरकार से भिन्न हैं:

बशर्ते कि इस खण्ड के अंतर्गत ऐसे निदेशकों का चयन करने के बाद उनके पदग्रहण करने पर खण्ड (एच) के अंतर्गत समान संख्या में निदेशक योजना में विनिर्दिष्ट ढंग से सेवानिवृत्त हो जाएंगे।

बशर्ते कि यदि बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम और वित्तीय संस्था विधि (संशोधन) अधिनियम, 2006 के प्रारंभ की तारीख को या उससे पहले संबंधित नये बैंक में चयनित निदेशकों की संख्या उप खण्ड (i) या उप खण्ड (ii) या उप खण्ड (iii), जैसा भी मामला हो, में विनिर्दिष्ट निदेशकों की संख्या से अधिक है तो, ऐसे चयनित अतिरिक्त निदेशकगण, योजना में विनिर्दिष्ट ढंग से सेवानिवृत्त हो जाएंगे और अपने पद से समयपूर्व ढंग से निवृत्त होनेवाले ऐसे अतिरिक्त निदेशक अपनी पदावधि के संबंध में कोई क्षतिपूर्ति का दावा करने के लिए पात्र नहीं होंगे ।

9 (3 ए): उप-धारा (3) के खण्ड (i) के अंतर्गत चयनित निदेशकों से अपेक्षित है कि वे –

(ए) निम्नलिखित में से किसी एक या अधिक के संबंध में उनके पास विशिष्ट जानकारी या व्यावहारिक अनुभव हो, उदाहरणार्थ:

- कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था
- बैंकिंग
- सहकारिता
- अर्थशास्त्र
- वित्त
- विधि
- लघु उद्योग
- अन्य कोई विशेष जानकारी और व्यावहारिक अनुभव, जो भारतीय रिजर्व बैंक की राय के अनुसार, संबंधित नए बैंक के लिए उपयोगी हो।

Shareholders are requested to go through the aforesaid Circular before filling their nomination form as a candidate for the Election.

**THE BANKING COMPANIES (ACQUISITION AND TRANSFER OF UNDERTAKINGS) ACT, 1970 [ACT]**

**Restrictions on voting rights**

3(2E) No shareholder of the corresponding new Bank, other than the Central Government shall be entitled to exercise voting rights in respect of any shares held by him in excess of **Ten** percent (amended vide Banking amendment bill 2012) of the total voting rights of all the shareholders of the corresponding new Bank.

**Composition of the Board of Directors**

9(3)(i) Where the capital issued under clause (c) of sub-section (2B) of Section 3 is:-

I. not more than sixteen per cent of the total paid-up capital, one Director,

II. more than sixteen per cent but not more than thirty two per cent of the total paid-up capital, two Directors

III. more than thirty two percent of the total paid-up capital, three Directors to be elected by the shareholders other than the Central Government, from amongst themselves:

Provided that on the assumption of charge after election of any such Directors under this clause, equal number of Directors under clause (h) shall retire in such manner as may be specified in the scheme.

Provided that in case the number of Directors elected, on or before the commencement of the Banking Companies (Acquisition and Undertakings) and Financial Institutions Laws (Amendment) Act 2006, in corresponding new bank exceed the number of Directors specified in sub clause (I) or sub clause (II) or sub clause (III), as the case may be, such excess number of Directors elected before such commencement shall retire in such manner as may be specified in the scheme and such directors shall not be entitled to claim any compensation for premature retirement of the term of office.

9(3A): The Directors to be elected under the said clause (i) of sub-section (3) shall –

(A) have special knowledge or practical experience in respect of the one or more of the following namely-

- agriculture and rural economy
- Banking
- co-operation
- economics
- finance
- law
- small scale industry
- any other matter the special knowledge of, and practical experience in, which would, in the opinion of the Reserve Bank of India is useful to the corresponding new Bank.

(बी) जमाकर्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो, या

(सी) किसानों, कामगारों और कारीगरों के हितों का प्रतिनिधित्व करता हो।

9 3(एए): उप-धारा (3ए) के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना और इस अधिनियम या प्रचलित किसी विधि में शामिल किसी बात के होते हुए किसी भी व्यक्ति को उप-धारा (3) के खण्ड (i) के अंतर्गत निदेशक के रूप में चयनित नहीं किया जा सकता है जब तक कि उक्त व्यक्ति अच्छा ट्रेक रिकार्ड, निष्ठा के आधार पर उचित और उपर्युक्त स्थिति बनाए रखता हो तथा इस संबंध में भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा समय-समय पर जारी अधिसूचित अन्य मानदण्डों का पालन करता हो।

9(3एबी): भारतीय रिज़र्व बैंक उप-धारा (3एए) के अंतर्गत जारी अधिसूचना में उचित और उपयुक्त स्थिति को निर्धारित करने का प्राधिकार, ऐसे निर्धारण का ढंग, ऐसे निर्धारण के संबंध में पालन की जानेवाली प्रक्रिया तथा अन्य मामलों का उल्लेख भी कर सकेगा जो आवश्यक या प्रासंगिक समझा गया हो।

9(3बी): जहाँ भारतीय रिज़र्व बैंक मानता है कि उप-धारा (3) के खण्ड (i) के अंतर्गत अनुरूपी नया बैंक का कोई निदेशक उप-धारा (3ए) और (3एए) की अपेक्षाओं की पूर्ति नहीं कर रहा है तो यह ऐसे निदेशक और बैंक को सुनवाई के लिए समुचित अवसर प्रदान करने के बाद, आदेश द्वारा ऐसे निदेशक को हटा सकेगा और इस प्रकार निदेशक को निकालने के बाद अगली वार्षिक आम बैठक के दौरान अनुरूपी नए बैंक के शेयरधारकों द्वारा निदेशक का विधिवत् चयन किए जाने तक निदेशक मंडल, हटाए गए व्यक्ति के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को निदेशक के रूप में सहयोजित कर सकता है जो उप-धारा (3ए) और (3ए ए) की अपेक्षाओं की पूर्ति करता हो और इस प्रकार सहयोजित व्यक्ति को अनुरूपी नए बैंक के शेयरधारकों द्वारा विधिवत् चयनित निदेशक समझा जाएगा।

**निष्ठा और गोपनीयता का दायित्व:**

13(2): हर निदेशक, स्थानीय या समिति का सदस्य या लेखा परीक्षक,सलाहकार या अनुरूपी नए बैंक का अधिकारी या अन्य कर्मचारी से अपेक्षित है कि वे अपने कार्य शुरू करने से पहले तीसरी अनुसूची में दिए गए फॉर्म के अनुसार निष्ठा एवं गोपनीयता की घोषणा करें।

**राष्ट्रीयकृत बैंक (प्रबंधन और प्रकीर्ण उपबंध) योजना 1970 (योजना)**

*4ए. अतिरिक्त चयनित निदेशक की निवृत्ति का तरीका:*

अतिरिक्त निदेशकों की संख्या का निर्धारण बैंकिंग कंपनी (उपक्रमों का अर्जन और अंतरण) अधिनियम, 1970 की धारा 9 की उप-धारा (3) के खण्ड (i) के दूसरे परंतुक के अनुसार किया जाएगा और शेयरधारकों (केन्द्र सरकार से भिन्न) द्वारा चयनित निदेशकों की संख्या के बराबर की संख्या के निदेशक सेवा निवृत्त हो जाएंगे और जिस निदेशक ने सबसे लंबी अवधि तक सेवा की है उसकी सेवा-निवृत्ति सब से पहले होगी।

बशर्ते, यदि दो या अधिक निदेशकों ने एक ही अवधि के लिए सेवा की है तो उनमें से अधिक उम्र वाले निदेशक पहले निवृत्त होंगे।

(B) represent the interest of depositors; or

(C) represent the interest of farmers, workers and artisans.

9 3(AA) : Without prejudice to the provisions of sub-section (3A) and notwithstanding anything to the contrary contained in this Act or in any other law for the time being in force, no person shall be eligible to be elected as director under clause (i) of sub-section (3) unless he is a person having fit and proper status based upon track record, integrity and such other criteria as the Reserve Bank may notify from time to time in this regard.

9(3AB) : The Reserve Bank may also specify in the notification issued under sub-section (3AA), the authority to determine the fit and proper status, the manner of such determination, the procedure to be followed for such determination and such other matters as may be considered necessary or incidental thereto.

9 (3B): Where the Reserve Bank is of the opinion that any Director of a corresponding new Bank elected under clause(i) of sub-section (3) does not fulfill the requirements of sub-section (3A) and 3(AA), it may, after giving to such Director and the Bank a reasonable opportunity of being heard, by order, remove such Directors and on such removal, the Board of Directors shall co-opt any other person fulfilling the requirement of sub-section (3A) and (3AA) as a Director in place of the person so removed till a Director is duly elected by the shareholder of the corresponding new Bank in the next annual general meeting and the person so co-opted shall be deemed to have been duly elected by the shareholders of the corresponding new Bank as a Director.

**Obligation as to Fidelity and Secrecy:**

13(2) Every Director, member of a local Board or a Committee, or Auditor, Advisor, Officer or other Employee of a corresponding new Bank shall, before entering upon his duties, make a declaration of fidelity and secrecy in the form set out in the Third Schedule.

**THE NATIONALISED BANKS (MANAGEMENT AND MISCELLANEOUS PROVISIONS) SCHEME, 1970 [SCHEME]**

*4A. Manner of retirement of excess elected director*:

"The number of excess directors shall be determined under the second proviso to clause (i) of Sub-section (3) of Section 9 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of Undertakings) Act, 1970 and such number of directors elected by the shareholders (other than the Central Government) equal to the number so determined shall retire, and the order in which the directors shall retire, will begin with the longest serving director;

Provided that, if two or more directors have served for the same period of time, the older among the said directors shall retire first."

**चयनित निदेशक की पदावधि**

**खण्ड 9(4):**

चयनित निदेशक की पदावधि तीन वर्ष की होगी और वे पुनर्निर्वाचन के लिए पात्र होंगे।

बशर्ते, कोई भी निदेशक निरंतर छह वर्षों से अधिक अवधि के लिए पद पर नहीं रहेगा।

**निदेशकों की अनर्हता**

**खण्ड 10:**

किसी व्यक्ति को निम्नलिखित मामले में निदेशक बनने से अनर्ह किया जा सकता है:

ए. यदि उसे किसी भी समय दिवालिया घोषित किया गया हो या भुगतान को रोका हो या अपने लेनदारों के साथ प्रशमन किया हो; या

बी. उसको सक्षम न्यायालय द्वारा विक्षिप्त मस्तिष्क वाला व्यक्ति घोषित किया गया हो; या

सी. उसको किसी ऐसे अपराध के लिए फौजदारी न्यायालय द्वारा दोषी घोषित किया गया हो, जिसमें नैतिक भ्रष्टता शामिल है; या

डी. यदि वह किसी राष्ट्रीयकृत बैंक या भारतीय स्टेट बैंक अधिनियम, 1955 की धारा 3 की उप-धारा (1) के अंतर्गत गठित भारतीय स्टेट बैंक या भारतीय स्टेट बैंक (समनुषंगी बैंक) अधिनियम, 1959 की धारा 3 में यथा परिभाषित किसी अनुषंगी बैंक में, पूर्णकालिक निदेशक के पद से भिन्न, बैंक के कर्मचारियों में से उक्त अधिनियम धारा की उप-धारा(3) के खण्ड (ई) और (एफ) के अंतर्गत नामित प्रबंध निदेशक एवं निदेशक सहित किसी लाभकारी पद को ग्रहण किए हुए हो।

**निदेशकों के पद को रिक्त करना, इत्यादि**

**खण्ड 11:**

ए. यदि कोई निदेशक खण्ड 10 में विनिर्दिष्ट किसी अनर्हता के अंतर्गत आता हो या वह निरंतर तीन या उससे अधिक बैठकों में बोर्ड की अनुमति के बिना अनुपस्थित रहता हो तो यह माना जाएगा कि उसने अपने पद को छोड़ दिया है और तदनुसार उसका पद रिक्त हो जाएगा।

बी. उक्त अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा (3) के खण्ड (बी) या खण्ड (सी) या खण्ड (डी) में यथाउल्लिखित अध्यक्ष या पूर्णकालिक निदेशक तथा प्रबंध निदेशक का या कोई निदेशक केन्द्र सरकार को लिखित सूचना देकर अपने पद से इस्तीफा दे सकता है और यदि उसका इस्तीफा सरकार द्वारा स्वीकार किया जाता है तो यह माना जाएगा कि उसने अपने पद को रिक्त कर दिया है; अन्य निदेशक भी केन्द्र सरकार को लिखित सूचना देकर अपने पद से इस्तीफा दे सकता है और ऐसा इस्तीफा केन्द्र सरकार द्वारा इस्तीफा की सूचना की प्राप्ति की तारीख से प्रभावी होगा।

सी. पूर्वगामी उपखण्डों के उपबंधों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना उक्त अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा (3) के खण्ड (ई) और (एफ) में उल्लिखित निदेशक का पद तब रिक्त हो जाएगा, जब निदेशक की, कामगार या कर्मचारी के रूप में सेवाएं समाप्त हो जाती है, उस राष्ट्रीयकृत बैंक के कामगार से भिन्न, जिसका वह निदेशक है।

**Terms of office of elected Director**

**Clause 9(4):**

An elected Director shall hold office for three years and shall be eligible for re-election.

Provided no such Director shall hold office continuously for a period exceeding six years.

**Disqualification of Directors**

**Clause 10:**

A person shall be disqualified from being appointed as, and from being a Director:-

a. if he has at any time being adjudicated an insolvent or has suspended payment or has compounded with his creditors; or

b. if he has been found to be of unsound mind and stands so declared by a competent court; or

c. If he has been convicted by criminal court of an offence which involves moral turpitude; or

d. If he holds any office of profit under any nationalised Bank or State Bank of India constituted under sub-section (1) of Section 3 of the State Bank of India Act, 1955 or any subsidiary Bank as defined in Section 3 of the State Bank of India (Subsidiary Banks) Act, 1959, except for holding the post of a whole-time Director, including the Managing Director and Directors nominated under clauses (e) and (f) of sub-section (3) of Section of the Act from among the employees of the Bank.

**Vacation of office of Directors, etc.**

**Clause 11:**

a. If a director becomes subject to any of the disqualifications specified in Clause 10 or is absent without leave of the Board for more than three consecutive meetings thereof he shall be deemed to have vacated his office as such and thereupon his office shall become vacant.

b. The Chairman or whole-time director including the Managing Director or a director referred to in Clause (b) or Clause (c) or Clause (d) of sub-section (3) of Section 9 of the Act may resign his office by giving notice thereof in writing to the Central Government and on such resignation being accepted by that Government shall be deemed to have vacated his office; any other director may resign his office by giving notice thereof in writing to the Central Government and such resignation shall take effect on the receipt of the communication of the resignation by the Central Government.

c. Without prejudice to the provision of the foregoing Sub-clauses, the office of the Director referred to in Clause (e) or Clause (f) of Sub-section (3) of Section 9 of the Act shall become vacant as soon as the Director ceases to be a workman or an employee, other than a workman of the nationalized bank of which he is a Director.

डी. चयनित निदेशक से भिन्न किसी अन्य निदेशक का पद रिक्त हो जाता है तो उसे उक्त अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा (3) के अनुसार भरा जाएगा।

**चयनित निदेशक को पद से हटाया जाना:**

**खण्ड 11-ए:**

केन्द्र सरकार से भिन्न, शेयरधारक, उक्त अधिनियम की धारा 9 की उपधारा (3) के खण्ड (i) के अंतर्गत चयनित किसी भी निदेशक को उन शेयरधारकों के बहुमत से पारित संकल्प द्वारा पद से हटा सकते हैं, जिनकी शेयरधारिता सभी शेयरधारकों द्वारा रखी गयी कुल शेयर पूँजी के ½ से कम न हो।

**चयनित निदेशक पद में हुई रिक्ति को भरना**

**खण्ड 11-बी:**

(1) यदि चयनित निदेशक की पदावधि की समाप्ति से पहले कोई पद रिक्त हो जाता है तो उक्त रिक्त पद को चुनाव द्वारा भरा जाएगा:
बशर्ते, यदि रिक्ति की अवधि छह महीने से कम होने की संभावना है तो, उक्त रिक्त पद को शेष निदेशकों द्वारा भरा जाए।

(2) उप-खण्ड (1) के अंतर्गत चयनित या स्वयोजित व्यक्ति, इनमें से जो भी मामला हो, अपने पूर्ववर्ती निदेशक की अवधि के शेष भाग के लिए पदभार संभाल सकता है।

**निदेशकों के हितों का प्रकटीकरण**

**खण्ड 12 (8):**

कोई निदेशक, जो किसी राष्ट्रीकृत बैंक द्वारा या उनकी ओर से की गयी या की जानेवाली किसी संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव में प्रत्यक्ष रूप से या परोक्ष रूप से संबद्ध या हितबद्ध हो, उससे अपेक्षित है कि ज्यों ही उसे संगत परिस्थितियों की सूचना मिलती है, वह अपने हितों की प्रकृति को यथाशीघ्र निदेशक मंडल के समक्ष प्रकट करेगा और उस मंडल बैठक में उपस्थित नहीं होगा जब किसी संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव के बारे में उक्त बैठक में चर्चा की जाती हो, बशर्ते, इस संबंध में सूचना प्राप्त करने के उद्देश्य से अन्य निदेशकों द्वारा उसकी उपस्थिति अपेक्षित हो और बैठक में उपस्थित होनेवाले कोई भी निदेशक ऐसी संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव पर मतदान नहीं करेगा।

बशर्ते, इस उप-खण्ड में उल्लिखित किसी बात के होते हुए भी निम्नलिखित कारणों से ऐसे निदेशक पर उक्त खण्ड लागू होगा:

(i) कोई शेयरधारक (निदेशक से भिन्न) जो कंपनी अधिनियम, 2013 में यथा परिभाषित किसी सार्वजनिक कंपनी या किसी निगम जो भारत में फिलहाल प्रचलित किसी विधि द्वारा या उसके अंतर्गत स्थापित हो या किसी सहकारी समिति जिसके साथ राष्ट्रीयकृत बैंक ने संविदा, ऋण, व्यवस्था या प्रस्ताव हेतु करार किया हो या करार करने का प्रस्ताव किया हो उसमें उसकी प्रदत्त पूंजी के दो प्रतिशत से अधिक शेयर न रखता हो।

(ii) राष्ट्रीयकृत बैंक का कोई अधिकारी या अन्य कर्मचारी, जो उक्त अधिनियम के धारा 9 के उप-धारा (3) के खण्ड (ई) या खण्ड (एफ) में उल्लिखित निदेशक हो।

d. Where any vacancy occurs in the office of a director, other than an elected director, it shall be filled in accordance with sub-section (3) of Section 9 of the Act.

**Removal from office of an elected director**

**Clause 11-A:**

The shareholders other than the Central Government, may, by a resolution passed by majority of the votes of such shareholders holding in the aggregate not less than one half of the share capital held by all such shareholders, remove any director elected under Clause (i) of sub-section (3) of Section 9 and elect in his stead another person to fill the vacancy.

**Filling of vacancy in the office of an elected director**

**Clause 11-B:**

(1) Where any vacancy occurs before the expiry of the term of office of an elected director, the vacancy shall be filled in by election:

Provided that where the duration of vacancy is likely to be less than six months, the vacancy may be filled in by the remaining directors.

(2) A person elected or co-opted, as the case may be, under sub-clause (1) shall hold office for the unexpired portion of the term of his predecessor.

**Disclosure of Interest by Directors**

**Clause 12 (8):**

A director who is directly or indirectly concerned or interested in any contract, loan, arrangement or proposal entered into or proposed to be entered into by or on behalf of the nationalised bank shall, as soon as possible after the relevant circumstances have come to his knowledge, disclose the nature of his interest to the Board and shall not be present at the meeting of the Board when any such contract, loan, arrangement or proposal is discussed unless his presence is required by the other directors for the purpose of eliciting information and no director so required to be present shall vote on any such contract, loan, arrangement or proposal:

Provided that nothing contained in this sub-clause shall apply to such director by reason only of his being:

(i) a shareholder (other than a director) holding not more than two per cent of the paid-up capital in any public company as defined in the Companies Act, 2013; or any corporation established by or under any law for the time being in force in India or any co-operative society, with which or to which the Nationalised Bank has entered into or made or proposed to enter into or make, a contract, loan, arrangement or proposal, or

(ii) an officer or other employee of the nationalised bank, if he is a director referred to in Clause (e) or Clause (f) of sub-section (3) of Section 9 of the Act.

# सिंडिकेटबैंक (शेयर और बैठक) विनियमावली, 1998

**संयुक्त धारक के अधिकारों का प्रयोग**

**विनियमन 10**

यदि कोई शेयर दो या अधिक व्यक्तियों के नाम पर है तो रजिस्टर में जिस व्यक्ति का नाम पहले उल्लेख किया गया है उसे मतदान, लाभांश प्राप्त करने, नोटिस जारी करने या शेयरों के अंतरण से भिन्न बैंक से संबंधित अन्य मामलों के संबंध में एकल शेयरधारक माना जाएगा।

**आम बैठकों में मतदान**

**विनियमन 61**

i) किसी भी आम बैठक में मतदान हेतु प्रस्तुत संकल्प को हाथ उठाकर निर्धारित किया जाएगा बशर्ते मतदान की माँग न की गयी हो।

ii) अधिनियम में अन्यथा उपबंधित के सिवाय आम बैठक में प्रस्तुत प्रत्येक मामले का निर्धारण बहुमत के आधार पर किया जाएगा।

iii) उप-विनियम (i) के अंतर्गत जब तक मतदान के लिए मांग नहीं की जाती है और बैठक के अध्यक्ष यह घोषणा नहीं करते हैं कि संकल्प को हाथ उठाकर पारित किया जाए या किया गया है भले ही उसे एक मत से पारित किया गया हो या बहुमत से और जिसकी प्रविष्टि बैठक के कार्यवृत से संबंधित बही में की गयी हो, तब तक इस तथ्य को ऐसे संकल्प के पक्ष में या उसके विरुद्ध डाले गए वोटों के अनुपात की संख्या के सबूत के बिना निर्णायक सबूत माना जाएगा।

iv) मतदान के परिणामों की घोषणा करने से पहले या उसके बाद या हाथ उठाकर किसी संकल्प पारित करने के बाद बैठक के अध्यक्ष अपने स्व निर्णय से मतदान के लिए आदेश दे सकते हैं और इस संबंध में किसी शेयरधारक या स्वयं उपस्थित शेयरधारकों या उस प्रॉक्सी जिसके पास बैंक के शेयर हो जिससे उसको मतदान करने का अधिकार हो और जो संकल्प के संबंध में कुल मतदान अधिकार के 1/5 से कम न हो, उनकी ओर से की गयी मांग पर या उनके द्वारा दिए जानेवाले आदेश के अनुसार मतदान के लिए आदेश दे सकते हैं।

v) मतदान के लिए जो मांग की जाती है उसे उसी व्यक्ति या व्यक्तियों द्वारा वापस ली जा सकती है जिसने मांग की हो।

vi) बैठक के स्थगन और अध्यक्ष के चुनाव के मामले में मतदान हेतु मांग की जाती है तो उस पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

vii) अन्य किसी मामले में मतदान के लिए मांग की जाती है तो उस पर बैठक के अध्यक्ष के निदेशानुसार मांग किए जाने के समय से 48 घंटे के भीतर कार्रवाई की जाएगी।

viii) किसी व्यक्ति के मतदान की अर्हता और मतदान में कोई व्यक्ति कितने वोट डालने के लिए सक्षम है, इस पर बैठक के अध्यक्ष द्वारा लिया जानेवाला निर्णय अंतिम होगा।

**आम बैठक में चयनित किए जानेवाले निदेशक**

**विनियमन 63**

i) उक्त अधिनियम की धारा 9 की उप-धारा (3) के खण्ड (i) के अंतर्गत किसी निदेशक का चयन केन्द्र सरकार से भिन्न, रजिस्टर में शामिल शेयरधारकों द्वारा बैंक की आम बैठक में शेयरधारकों में से किया जाएगा।

ii) यदि किसी आम बैठक में निदेशक का चयन करना है तो इसकी सूचना बैठक आयोजित करने के संबंध में जारी की जानेवाली नोटिस में शामिल की जानी चाहिए। ऐसी प्रत्येक नोटिस में चयनित होनेवाले निदेशकों की संख्या तथा उन रिक्तियों के ब्यौरे का उल्लेख किया जाना चाहिए जिनके लिए चुनाव आयोजित किया जाना है।

# SYNDICATEBANK (SHARES & MEETINGS) REGULATIONS, 1998

**EXERCISE OF RIGHTS OF JOINT HOLDERS**

**Regulation 10**

If any share stands in the names of two or more persons, the first named in the register shall, as regards voting, receipt of dividend, service of notices and all or any other matters connected with the Bank except the transfer of shares be deemed to be the sole holder thereof.

**VOTING AT GENERAL MEETINGS:**

**Regulation 61**

i) At any General Meeting, a resolution put to the vote of the meeting shall, unless a poll is demanded be decided on a show of hands.

ii) Save as otherwise provided in the Act every matter submitted to a General Meeting shall be decided by a majority of votes.

iii) Unless a poll is demanded under Sub-Regulation (i), a declaration by the Chairman of the meeting that a resolution on show of hands has or has not been carried either unanimously or by a particular majority and an entry to that effect in the books containing the minutes of the proceedings, shall be conclusive evidence of the fact, without proof of the number of proportion of the votes cast in favour of, or against, such resolution.

iv) Before or on the declaration of the result of the voting or any resolution on a show of hands, a poll may be ordered to be taken by the Chairman of the Meeting of his own motion, and shall be ordered to be taken by him on demand made in that behalf by any shareholder or shareholders present in person or by proxy and holding shares in the Bank which confer a power to vote on the resolution not being less than one fifth of the total voting power in respect of the resolution.

v) The demand for the poll may be withdrawn at any time by the person or persons who made the demand.

vi) The poll demanded on a question of adjournment or election of Chairman of the meeting shall be taken forthwith.

vii) A poll demanded on any other question shall be taken at such time not being later than forty eight hours from the time when the demand was made, as the Chairman of the meeting may direct.

viii) The decision of the Chairman of the meeting as to the qualification of any person to vote, and also in the case of poll, as to the number of votes any person is competent to exercise shall be final.

**DIRECTORS TO BE ELECTED AT GENERAL MEETING:**

**Regulation 63**

i) A Director under Clause (i) of Sub-Section (3) of Section 9 of the Act shall be elected by the Shareholders on the register, other than the Central Government, from amongst themselves in the General Meeting of the Bank.

ii) Where an election of a Director is to be held at any General Meeting, the notice thereof shall be included in the notice convening the meeting. Every such notice shall specify the number of Directors to be elected and the particulars of vacancies in respect of which the election is to be held.

**शेयरधारकों की सूची**

**विनियमन 64**

i) इन विनियमावलियों के विनियम 63 के उपविनियम (i) के अंतर्गत निदेशक के चुनाव के उद्देश्य हेतु रजिस्टर पर शेयरधारकों की सूची तैयार की जाएगी जिसमें से निदेशक का चयन किया जाएगा।

ii) उक्त सूची में शेयरधारकों के नाम, उनके पंजीकृत पते, संख्या और उनके द्वारा धारित शेयरों की संख्या तथा उक्त शेयरों को पंजीकृत करवाने की तारीख तथा चुनाव के लिए आयोजित की जानेवाली बैठक की तारीख को वे कितने वोटों के लिए पात्र हैं, आदि जैसे ब्यौरे शामिल होंगे और सूची की प्रतियां खरीद के लिए उपलब्ध होंगी, जो मंडल या प्रबंधन समिति द्वारा निर्दिष्ट मूल्य पर बैठक के लिए निर्दिष्ट तारीख से कम से कम तीन हफ्ते पहले प्रधान कार्यालय में उपलब्ध होंगी बशर्ते इसके लिए आवेदन पत्र प्रस्तुत किया जाता हो।

**चुनाव के लिए अभ्यर्थियों का नामांकन:**

**विनियमन 65**

i) निदेशक के रूप में चयन के लिए उसका नामांकन तब तक वैध नहीं होगा जब तक वह –

ए) बैंक में 100 (एक सौ) से अधिक शेयर रखनेवाला शेयरधारक न हो;

बी) नामांकन प्राप्ति की अंतिम तारीख को उसे उक्त अधिनियम या योजना के अंतर्गत निदेशक के रूप में चयनित करने के लिए अनर्ह नहीं किया गया हो;

सी) उसने, एकल रूप में या अन्य व्यक्ति के साथ संयुक्त रूप से रखे गए बैंक शेयरों से संबंधित सभी मांग राशियों को भुगतान हेतु निर्दिष्ट अंतिम तारीख को या उससे पहले भुगतान न कर दिया हो;

डी) लिखित नामांकन पर कम से कम एक सौ शेयरधारकों के हस्ताक्षर होने चाहिए जो उक्त अधिनियम के अंतर्गत या उनके सम्यक् रूप से नियुक्त अटर्नी द्वारा निदेशकों का चयन करने के लिए पात्र हो, बशर्ते नामांकन किया जानेवाला शेयरधारक एक कंपनी है तो नामांकन को उक्त कंपनी के निदेशकों द्वारा पारित संकल्प द्वारा किया जाए और ऐसे मामले में संकल्प की एक प्रति बैंक के प्रधान कार्यालय को प्रेषित की जाए जो उस बैठक के अध्यक्ष द्वारा सत्य प्रतिलिपि के रूप में प्रमाणित हो जिसमें उक्त संकल्प को पारित किया गया हो और ऐसी प्रति को कंपनी की ओर से किया गया नामांकन माना जाएगा।

ई) नामांकन के साथ एक घोषणा-पत्र भी संलग्न हो या शामिल हो जो अभ्यर्थी द्वारा किसी न्यायाधीश, मजिस्ट्रेट, एश्युरेन्स का रजिस्ट्रार या उप-रजिस्ट्रार या अन्य राजपत्रित अधिकारी या भारतीय रिज़र्व बैंक या किसी राष्ट्रीकृत बैंक के अधिकारी के समक्ष हस्ताक्षरित हो और उक्त घोषणा पत्र में यह उल्लेख हो कि वे नामांकन को स्वीकार करेंगे और वे चुनाव लड़ने के लिए इच्छुक हैं तथा उनको उक्त अधिनियम या योजना या इन विनियमावलियों के अंतर्गत निदेशक बनने से अनर्ह नहीं ठहराया गया है।

ii) कोई भी नामांकन तब तक वैध नहीं होगा जब तक यह पूरी तरह भरे हुए संगत दस्तावेजों के साथ प्राप्त नहीं होता है और वह बैठक के लिए निर्दिष्ट तारीख से चौदह कार्य दिवसों से पहले बैंक के प्रधान कार्यालय में प्राप्त होना चाहिए।

**नामांकन की छानबीन**

**विनियमन 66**

i) नामांकनों की छानबीन नामांकनों की पावती के लिए निर्दिष्ट तारीख के बाद प्रथम कार्यदिवस को की जाएगी और यदि कोई नामांकन वैध नहीं पाया जाता है तो उसे अस्वीकृत कर दिया जाएगा और अस्वीकृति के कारणों को

**LIST OF SHAREHOLDERS:**

**Regulation 64**

i) For the purpose of election of a Director under Sub-Regulation (i) of Regulation 63 of these regulations, a list shall be prepared of shareholders on the register by whom the Director is to be elected.

ii) The list shall contain the names of the shareholders, their registered addresses, the number and denoting numbers of shares held by them with the dates on which the shares were registered and the number of votes to which they will be entitled on the date fixed for the meeting at which the election will take place and copies of the list shall be available for purchases atleast three weeks before the date fixed for the meeting at a price to be fixed by the Board or the Management Committee, on application at the Head Office.

**NOMINATION OF CANDIDATES FOR ELECTION:**

**Regulation 65**

i) No nomination of a candidate for election as a Director shall be valid unless –

a) he is a shareholder holding not less than 100 (one hundred) shares in the Bank;

b) he is on the last date for receipt of nomination, not disqualified to be a director under the Act or under the Scheme;

c) he has paid all calls in respect of the shares of the Bank held by him, whether alone or jointly with others, on or before the last date fixed for the payment of the call;

d) the nomination is in writing signed by atleast one hundred shareholders entitled to elect directors under the Act or by their duly constituted attorney, provided that a nomination by a shareholder who is a company may be made by a resolution of the Directors of the said company and where it is so made, a copy of the resolution certified to be a true copy by the Chairman of the meeting at which it was passed shall be dispatched to the Head Office of the Bank and such copy shall be deemed to be a nomination on behalf of such company;

e) the nomination accompanies or contains a declaration signed by the candidate before a Judge, Magistrate, Registrar or Sub-registrar of Assurances or other Gazetted Officer or any officer of the Reserve Bank of India or any nationalised bank, that he accepts the nomination and is willing to stand for election, and that he is not disqualified either under the Act or the scheme or these regulations from being a Director.

ii) No nomination shall be valid unless it is received with all the connected documents complete in all respects and received, at the Head Office of the Bank on a working day not less than fourteen days before the date fixed for the meeting.

**SCRUTINY OF NOMINATIONS:**

**Regulation 66**

i) Nominations shall be scrutinised on the first working day following the date fixed for receipt of the nominations and in case any nomination is not found to be valid, the same shall be rejected after recording the reason

अभिलेखित किया जाएगा। यदि चुनाव द्वारा भरी जानेवाली किसी रिक्ति के लिए केवल एक ही वैध नामांकन प्राप्त हुआ है तो ऐसे नामित अभ्यर्थी को तत्काल निर्वाचित माना जाएगा और उसका नाम और पते को प्रकाशित किया जाएगा। ऐसे मामले में बैठक में कोई चुनाव आयोजित नहीं किया जाएगा और यदि बैठक को उपर्युक्त चुनाव आयोजित करने के लिए ही बुलाया गया है तो उसे रद्द कर दिया जाएगा।

ii) चुनाव आयोजित किए जाने के मामले में यदि प्राप्त वैध नामांकनों की संख्या चयनित किए जानेवाले निदेशकों की संख्या से अधिक है तो, चुनाव में बहुमत प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को निर्वाचित घोषित किया जाएगा।

iii) वर्तमान रिक्ति को भरने के लिए चयनित निदेशक के संबंध में यह माना जाएगा कि उन्होंने निर्वाचन की तारीख या उसे चयनित समझे जाने की तारीख के अगले दिन कार्यग्रहण कर लिया है।

**चुनाव संबंधी विवाद:**

**विनियमन 67**

